आदेश सं०: ..............  पटना, दिनांक:...../09/2019

## -:आदेश:-

राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार, पटना के आदेश ज्ञापांक 3677 दिनांक 24.08.2019 को अवक्रमित करते हुए राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के अधीन राज्य के चिन्हित शहरों में संचालित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों (UPHCs) के लिए **Pharmacist** के संविदागत पदों पर प्रतीक्षासूची से चयनित अधोलिखित अभ्यर्थियों को, उनके द्वारा योगदान करने की तिथि से एकमुश्त मानदेय ₹12,000/- (बारह हजार रुपये मात्र) प्रतिमाह पर नियोजित करते हुए उनके नाम के सम्मुख स्तम्भ-5 में अंकित UPHCs में पुन: पदस्थापित किया जाता है:-

| क्र.सं. | पंजीयन सं० | अभ्यर्थी का नाम | जन्म तिथि | पदस्थापन UPHC |
|---|---|---|---|---|
| *1* | *2* | *3* | *4* | *5* |
| 1. | 171018 | Md. Danish | 05.01.1986 | राम नगर, कटिहार। |
| 2. | 175001 | Alok Sagar | 05.02.1986 | गुलाबबाग, पूर्णियाँ। |
| 3. | 175012 | Sudhanshu Kumar | 11.02.1984 | ईदगाह (डेहरी), रोहतास। |
| 4. | 171037 | Roshan Kumar Mishra | 19.04.1989 | अघोरिया बाजार, मुजफ्फरपुर। |
| 5. | 171006 | Ankit Kumar Akhil | 10.06.1994 | उलाव, बेगूसराय। |
| 6. | 171011 | Sarfaraz Uddin | 28.08.1992 | सिपारा डीह, पटना। |
| 7. | 172005 | Krishan Kant Kumar | 04.01.1986 | धरहरा, भोजपुर। |
| 8. | 171027 | Sanajay Chandra Bhusan | 15.11.1978 | इकबाल नगर, गया। |
| 9. | 171012 | Md. Gufran | 03.03.1987 | अली नगर, दरभंगा। |
| 10. | 177010 | Sanjeev Kumar Mishra | 10.07.1987 | कन्हौली, मुजफ्फरपुर। |
| 11. | 177022 | Rohit Kumar Rai | 10.06.1990 | दीदारगंज, पटना। |
| 12. | 171036 | Gautam Kumar Sinha | 12.04.1988 | आलमगंज, पटना। |
| 13. | 173009 | Manish Kumar | 02.01.1990 | बस्ती, सहरसा। |
| 14. | 175002 | Sushil Kumar | 14.02.1986 | सुन्दरगढ़, नालन्दा। |
| 15. | 176019 | Vimal Kumar | 01.03.1978 | बिशुनपुर पूर्वी, बेगूसराय। |
| 16. | 173015 | Anwar Alam | 04.11.1984 | दाउदपुर बगीचा, पटना। |
| 17. | 171028 | Ramesh Kumar | 29.12.1980 | कमला नेहरू नगर, पटना। |
| 18. | 175021 | Rakesh Bhagat | 01.03.1977 | मारूफगंज, पटना। |
| 19. | 171031 | Md. Zeyaur Rahman | 12.07.1983 | बड़ी दरगाह, पटना। |
| 20. | 171010 | Satyendra Kumar Saha | 02.03.1977 | सच्चिदानन्द नगर, पटना। |
| 21. | 175017 | Neeraj Kumar | 02.02.1986 | मासूमगंज, सारण। |
| 22. | 175005 | Md. Muzaffarul Haque | 03.01.1985 | रेकाबगंज, भागलपुर। |
| 23. | 172001 | Awdhesh Kumar Shaw | 17.07.1988 | पोस्टल पार्क, पटना। |
| 24. | 173005 | Deepak Kumar | 17.04.1979 | नागलोक, मुंगेर। |



परिवार कल्याण भवन, शेखपुरा, पटना– 800 014,
दूरभाष: 0612–2290328, फैक्स: 0612–2290322, वेबसाइट: www.statehealthsocietybihar.org

स्वस्थ बिहार समृद्ध बिहार

2. उपर्युक्त सभी नवचयनित अभ्यर्थियों को निदेश दिया जाता है कि:-

i. **दिनांक 18/09/2019 तक** अपने नाम के सामने स्तंभ-5 में अंकित पदस्थापन जिला के UPHC में अपना योगदान देना सुनिश्चित करें। उक्त तिथि तक योगदान नही देने की स्थिति में अभ्यर्थियों की अभ्यर्थिता समाप्त की जा सकती है।

ii. योगदान के पश्चात् एकरारनामा करने के लिए, ₹1,000/- (एक हजार रुपये) का Non Judicial स्टाम्प पेपर, NOC (यदि लागू हो, तो) एवं स्वास्थ्य प्रमाण-पत्र (जो सिविल सर्जन/अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी के स्तर से निर्गत हो) के साथ, स्वयं **दिनांक 25/09/2019 तक**, प्रभारी, मानव संसाधन, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार, पटना के समक्ष उपस्थित होंगे, ताकि राज्य स्तर पर राज्य स्वास्थ्य समिति के साथ उनका एकरारनामा सम्पन्न हो सके।

iii. यदि सरकारी सेवा में है या किसी अन्य सरकारी संस्थान में कार्यरत है अथवा अनुबंध पर कार्यरत है, तो उन्हें अनापत्ति प्रमाण-पत्र (NOC) जमा करना अनिवार्य है, अन्यथा उनके नियोजन का दावा रद्द कर दिया जाएगा।

iv. यह नियोजन पूर्णतः संविदा के आधार पर 11 (ग्यारह) माह के लिए होगा। नवनियोजित अभ्यर्थियों के संतोषप्रद कार्य के आधार पर अगले 03 (तीन) वर्ष तक या पदों की स्वीकृति, राशि की उपलब्धता होने तक (इनमें से जो भी पहले हो) अथवा सक्षम स्तर से निर्णय के अनुरूप संविदा अवधि का विस्तार राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार के स्तर से किया जा सकेगा।

v. चयनित अभ्यर्थियों का नियमितीकरण अथवा पुनर्नियोजन हेतु कोई भी दावा मान्य नही होगा।

vi. पदस्थापन जिला में योगदान करने एवं प्रभार ग्रहण करने अथवा एकरारनामा करने हेतु राज्य स्वास्थ्य समिति आने-जाने के लिए कोई यात्रा भत्ता देय नही होगा।

vii. सभी संबंधित नवचयनित अभ्यर्थियों के पूर्ववृत्त एवं शैक्षणिक योग्यता प्रमाण-पत्रों का सत्यापन करवाया जाना आवश्यक है। यह संविदागत नियोजन उक्त सत्यापन/जाँच प्रतिवेदन के फलाफल से प्रभावित होगा।

viii. उक्त फार्मासिस्टों का नियोजन इस शर्त पर किया जाता है कि यदि उनके पूर्ववृत्त का सत्यापन प्रतिवेदन प्रतिकूल होगा तथा प्रमाण-पत्रों एवं अभिलेखों के जाँच के क्रम में गलत सूचना पायी जायगी, तो उनका नियोजन बिना किसी पूर्वसूचना के समाप्त कर दिया जायगा एवं उनके विरूद्ध आवश्यक विधिसम्मत कार्रवाई भी की जाएगी।

ix. Pharmacist के Performance Appraisal Report (PAR) के Appraiser Authority जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी-सह-नोडल पदाधिकारी-NUHM एवं Reviewing Authority सिविल सर्जन-सह-सदस्य सचिव, जिला स्वास्थ्य समिति तथा Accepting Authority कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार, पटना होंगे।

x. सभी नवनियोजित Pharmacist अपना PAR माह सितम्बर, 2020 तक संबंधित सिविल सर्जन-सह-सदस्य सचिव, जिला स्वास्थ्य समिति को हस्तगत करा देंगे। सिविल



परिवार कल्याण भवन, शेखपुरा, पटना– 800 014,
दूरभाष: 0612–2290328, फैक्स: 0612–2290322, वेबसाइट: www.statehealthsocietybihar.org

स्वस्थ बिहार समृद्ध बिहार

सर्जन-सह-सदस्य सचिव, जिला स्वास्थ्य समिति एक पक्ष के अन्दर प्राप्त PAR पर अपना मन्तव्य अंकित करते हुए मूलप्रति इस कार्यालय को भेजना सुनिश्चित करेंगे।

xi. सभी नवनियोजित Pharmacist को एकमुश्त मानदेय ₹12,000/- (बारह हजार रुपये मात्र) प्रतिमाह का भुगतान, वर्ष 2019-20 के RoP के FMR code-U.8.1.1.8 के तहत संबंधित जिला स्वास्थ्य समिति/स्वास्थ्य संस्थान से किया जाएगा।

3. सभी संबंधित सिविल सर्जन-सह-सदस्य सचिव, नवचयनित अभ्यर्थियों के योगदान के तुरंत बाद, उनसे कार्य लेना प्रारंभ कर देंगे, ताकि जनहित में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करायी जा सके। उक्त अनुपालन की सूचना अनिवार्य रूप से इस कार्यालय को भेजना सुनिश्चित करेंगे।

ह०/-

**(मनोज कुमार)**

***ज्ञापांक:****SHSB/GA/HR/1976/2016/....4017* पटना, ***दिनांक:*** *05/09/2019*

**प्रतिलिपि:** प्रधान सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को कृपया सूचनार्थ।

**प्रतिलिपि:** अपर कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार को सूचनार्थ प्रेषित।

**प्रतिलिपि:** सभी संबंधित प्रमण्डलीय आयुक्त/जिला पदाधिकारी/क्षेत्रीय अपर निदेशक, स्वास्थ्य सेवाएँ, बिहार/सिविल सर्जन-सह-सदस्य सचिव, जिला स्वास्थ्य समिति को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**प्रतिलिपि:** प्रशासी पदाधिकारी/अपर निदेशक (वित्त)/राज्य कार्यक्रम प्रबंधक/राज्य शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम प्रबंधक, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपि:** सिस्टम एनालिस्ट-सह-डाटा ऑफिसर, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार को सूचनार्थ एवं समिति के वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपि:** सभी संबंधित नवचयनित अभ्यर्थियों को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित। यह आदेश राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार, पटना के अधिकृत वेबसाईट *www.statehealthsocietybihar.org* पर भी देखा जा सकता है एवं डाउनलोड कर इसे व्यवहार में लाया जा सकता है।

**कार्यपालक निदेशक**



परिवार कल्याण भवन, शेखपुरा, पटना– 800 014,
दूरभाष: 0612–2290328, फैक्स: 0612–2290322, वेबसाइट: www.statehealthsocietybihar.org

स्वस्थ बिहार समृद्ध बिहार